27/08/2024

आकाशवाणी ईटानगर

गृह एवं अंतर राज्यीय सीमा मामलों के मंत्री मामा नातुंग ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। बैठक में मंत्री ने राज्य के लिए महत्वपूर्ण सुरक्षा मुद्दों और रणनीतिक पहलों पर चर्चा की। बैठक के दौरान श्री नातुंग ने बांग्लादेश में संकट के कारण अंतर्राज्यीय चेक गेटों पर बढ़ी हुई सतर्कता पर प्रकाश डाला, जिसमें सख्त इनर लाइन पर्मिट (आई एल पी) जांच और आधार एकीकरण के माध्यम से शरणार्थी घुसपैठ और अवैध गतिविधियों को रोकने पर ध्यान केंद्रित किया गया। श्री नातुंग ने अवैध घुसपैठ को रोकने के लिए सीमा पर बाड़ लगाने की आवश्यकता पर भी बल दिया और टी सी एल पैकेज 1.0 की उपलब्धियों के आधार पर पुलिस क्षमताओं को बढ़ाने के लिए तिराप - चांगलांग- लोंगडिंग (टी सी एल) 2.0 कार्य योजना प्रस्तुत की। गौरतलब है कि संशोधित टी सी एल 2.0 प्रस्ताव बुनियादी ढांचे, गतिशीलता और उपकरणों को बढ़ाने पर केंद्रित है, जो प्रारंभिक टी सी एल 1.0 पैकेज के तहत स्थापित संसाधनों और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण है।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कल एक सोशल मीडिया पोस्ट में अरुणाचल प्रदेश के जैव विविधता मानचित्र के विमोचन की प्रशंसा करते हुए इसे राज्य की समृद्ध जैव विविधता को प्रदर्शित करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण कहा है।

श्री खांडू ने कहा कि यह माणचित्र सूचित पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास में सहायता करेगा, जिससे भविष्य की पीढियों के लिए क्षेत्र के अद्धितीय वनस्पतियों और जीवों को संरक्षित करने में मदद मिलेगी। इस बीच, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने एशियाई और विश्व आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए रेफरी के रुप में प्रमाणित पहली भारतीय महिला बनने के लिए इबीं लोलेन को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश से आने वाली इबीं ने राज्य और देश को गौरवान्वित किया है।

0000000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में वर्ल्ड राफ्टिंग फेडरेशन के अध्यक्ष श्री डेनिलो बरमाज और भारतीय राफ्टिंग फेडरेशन के अध्यक्ष श्री एस पी एस सिकंड से मुलाकात के बाद राज्य में वाटर स्पोर्ट्स की संभावनाओं के बारे में उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने राज्य में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय राफ्टिंग चैंपियनशिप आयोजित करने और वाटर स्पोर्ट्स के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए अरुणाचल की विशाल नदियों का लाभ उठाने पर चर्चा की।

000000000000000000000000

कोलकाता में छात्र संगठनों की **नबन्ना रैली** के दौरान आज पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हावडा ब्रिज, फोरशोर रोड ओर संतरागाछी इलाके में झडपें होने की खबर है। प्रदर्शनकारियों ने कई जगह बैरिकैड तोड दिए। पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया, आंसू गैस के गोले छोडे और पानी तेज बौछारें कीं।

प्रदर्शनकारी कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में एक महिला डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या के मामले को लेकर राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे और आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं। राज्य पुलिस की ओर से विरोध प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी जाने के बावजूद **छात्र संगठन-पश्चिम बंग समाज और संग्रामी जोथा मंच** ने रैली निकाली। राज्य सरकार ने विरोध-प्रदर्शनों को देखते हुए राज्य सचिवालय **नबन्ना** के आसपास **बी एन एस एस** की धारा- 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दी है।कोलकाता पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर में छह हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया है। 19 स्थानों पर बैरिकेड लगाये गए हैं। विभिन्न स्थानों पर करीब 26 पुलिस उपायुक्तों की डयूटी लगाई गई है।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश महिला कल्याण सोसायटी (APWWS) ने प्रतिभाग़ियों और सहायक कर्मचारियों की सुरक्षा, सम्मान और उचित व्यवहार से संबंधित मुद्दों का हवाला देते हुए मिस अरुणाचल कार्यक्रम के प्रबंधन के बारे में गंभीर चिंता व्यक्त की है। ए पी डब्लू डब्लू एस ने लंबित भुगतानों को तुरंत जारी करने, कार्यक्रम के प्रबंधन की निष्पक्ष जांच और एक समर्पित निगरानी पैनल के गठन की मांग की है। इसके अलावा, भुगतान को सुव्यवस्थित करने और आगे की देरी या उत्पीड़न को रोकने के लिए डायरेक्ट बेनेपिट ट्रांसफर (डी बी टी) का सुझाव दिया। इससे पहले, युवा मामलों के निदेशक रमेश लिंग्गी ने स्पष्ट किया कि प्रोत्साहन राशि के वितरण के लिए किसी अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन ओ सी) की आवश्यकता नहीं है और आश्वासन दिया कि भविष्य के समझौतों में प्रतिभागियों को उत्पीड़न से बचाने के लिए खंड

शामिल किया जाएगा।

000000000000000000000

भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण सहकारी (ALIMCO) द्वारा प्रधानमंत्री दिव्यांग केंद्र, नाहरलगुन और विवेकानंद केंद्र अरुणाज्योति पासीघाट के सहयोग से कल बाकिन पर्टिन जनरल अस्पताल, पासीघाट में एक नि:शुल्क श्रवण मूल्यांकन और श्रवन सहायता वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान, सत्तावन लाभार्थियों जिनमें अड़तालीस वरिष्ठ नागरिकों और नौ दिव्यंगजन को छह लाख रुपए से अधिक के मूल्य के श्रवण यंत्र नि:शुल्क वितरित किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ईस्ट सियांग जिला उपायुक्त ताई ताग्गु ने मानवीय सेवा के लिए विवेकानंद केंद्र अरुणज्योति और ALIMCO की सराहना की और सभी लाभार्थियों से निर्देशानुसार श्रवण यंत्र का उपयोग करने को कहा।

000000000000000000000

भारतीय चिकित्सा वैज्ञानिकों ने पार्किंसंस रोग के प्रबंधन की औषधी की मात्रा संयोजित करने के लिए नया स्मार्ट सेंसर विकसित किया है। यह सेंसर स्मार्ट फोन आधारित तथा किफायती है और इसका उपयोग भी सरल है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उन्नत अध्ययन संस्थान ने बताया कि इस सेंसर की मदद से शरीर में एल डोपा की सही मात्रा का पता लगाया जा सकेगा और उसके आधार पर पार्किंसंस रोग को नियंत्रित करने की दवा की आवश्यक मात्रा निर्धारित की जा सकेगी।

00000000000000000000

पाके केंसांग जिले में रविवार को एशियाई काले भालू की निगरानी पर एक दिवसीय कार्याशाला आयोजित की गई। कार्याशाला का आयोजन वाइल्ड लाइव ट्रस्ट ऑफ इंडिया और सेंटर फॉर बियर रिहैबिलिटेशन एंड कंजर्वेशन ने पाके टाईगर रिजर्व और अरुणाचल प्रदेश के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के सहयोग से किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्वोत्तर भारत के उष्णकटिबंधीय जंगलों में एशियाई काले भालुओं की निगरानी तकनीकों का उपयोग करने में जीवविज्ञानियों की क्षमता को बढ़ाना था। इस अवसर पर पाके टाईगर रिजर्व के डी एफ ओ सत्यप्रकाश सिंह ने कार्याशाला के आयोजन के लिए डब्लू टी आई और रेंज ऑफिसर के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इससे प्रतिभागियों को पाके और उसके आस - पास के परिदृश्य में एशियाई काले भालुओं की पारिस्थितिकी और वितरण को समझने में मदद मिलेगी। सी बी आर सी के प्रबंधक और प्रमुख डॉ. प्रणजीत बसुमतारी ने युवा पीढ़ी को एशियाई काले भालुओं और उनके पारिस्थितिकी महत्व का अध्ययन करने के लिए प्रेरित करने में कार्यक्रम के लक्ष्य पर प्रकाश डाला। सी बी आर सी भारत में एकमात्र ऐसी सुविधा है जो अनाथ भालू शावकों को हाथ से पालने और पुनर्वास करने के लिए समर्पित है।

0000000000000000